**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 14.06.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में कोतवाली उरई पुलिस एवं स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त को चोरी की 01 अदद स्कूटी तथा 1,57,200/- रुपये (एक लाख सत्तावन हजार दो सौ रुपये) एवं एक अदद लाइसेंसी रिवाल्वर व एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।**

दिनांक 11.06.2025 को वादी द्वारा अपनी दुकान में रखे पैसे चोरी हो जाने के सम्बन्ध में कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 330/25 धारा- 305 बीएनएस एवं दिनांक 12.06.2025 को कोतवाली उरई में वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 332/2025 धारा- 305 बीएऩएस व दिनांक 13.06.2025 को मु0अ0सं0 336/2025 धारा- 305 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था।

दिनांक 14.06.2025 को कोतवाली उरई पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं सुरागरसी-पतारसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए, घटना मे शामिल अभियुक्त राहुल परिहार पुत्र महेन्द्र सिंह परिहार निवासी ग्राम गुढ़ा थाना डकोर जनपद जालौन हाल निवासी राजेन्द्र नगर कोतवाली उरई जनपद जालौन को मोदी ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार कर चोरी के 1,57,200/- रुपये (कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 330/2025 धारा 305 बीएनएस व कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 336/2025 धारा 305 बीएनएस व कोतवाली उरई में मु0अ0सं0 332/2025 धारा 305 बीएनएस व कोतवाली कोंच में मु0अ0सं0- 22/2025 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित) की बरामदगी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब मैं आने-जाने वाले व्यक्तियों के बैग व दुकानों से मौका पाकर चोरी छिपे घुसकर उनके काउण्टर में से पैसा निकालकर फरार हो जाता हूं। प्राप्त पैसों से हम अपनी जरूरतें एवं शौक पूरे करते हैं। अपनी सुरक्षा के लिये अपने पिताजी की यह लाइसेन्सी रिवाल्वर अपने पास रखता हूं ताकि जरूरत पड़े तो मैं सामने वाले पर फायर कर अपना बचाव करते हुये भाग सकूं। मैंने अभी तक कई चोरियां की हैं। आज मैं इन पैसो से जरूरत का सामान खरीदने जा रहा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-**

1. राहुल परिहार पुत्र महेन्द्र सिंह परिहार उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ा थाना डकोर जनपद जालौन हाल निवासी राजेन्द्र नगर कोतवाली उरई जनपद जालौन

**अभियुक्त राहुल परिहार उपरोक्त का आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 330/2025 धारा 305 बीएनएस कोतवाली उरई जनपद जालौन
2. मु0अ0सं0 336/2025 धारा 305 बीएनएस कोतवाली उरई जनपद जालौन
3. मु0अ0सं0 332/2025 धारा 305 बीएनएस एवं कोतवाली उरई जनपद जालौन
4. मु0अ0सं0 22/2025 धारा 303(2) बीएनएस कोतवाली कोंच जनपद जालौन
5. मु0अ0सं0 87/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजीतमल जनपद औरैया
6. मु0अ0सं0 71/24 धारा 380/411 भादवि थाना अजीतमल जनपद औरैया
7. मु0अ0सं0 209/19 धारा 380/454/411 भादवि थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात

**बरामदगी:-**

1. 01 अदद लाइसेन्सी रिवाल्वर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस
2. 92,200/- रुपये (मु0अ0सं0 330/2025 धारा 305 बीएनएस कोतवाली उरई)
3. 30,000/- रुपये (मु0अ0सं0 336/2025 धारा 305 बीएनएस कोतवाली उरई)
4. 5000/- रुपये (मु0अ0सं0 332/2025 धारा 305 बीएनएस कोतवाली उरई)
5. 30,000/- रुपये (मु0अ0सं0 22/2025 धारा 303(2) बीएनएस कोतवाली कोंच)
6. एक अदद स्कूटी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई मय टीम
2. प्रभारी स्वाट टीम मय फोर्स।